भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2716

जिसका उत्तर 18.12.2024 को दिया जाना है

पिंजौर-नालागढ़-बद्दी राजमार्ग पर चार लेन की सड़क का निर्माण

2716 श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिंजौर-नालागढ़-बद्दी राजमार्ग पर चल रहे चार लेन के सड़क निर्माण कार्य की स्थिति क्या है;

(ख) निर्माण कार्य पूरा होने की तारीख क्या है तथा मंत्रालय द्वारा इस परियोजना पर अब तक कुल कितनी लागत वहन की गई है;

(ग) क्या मंत्रालय को इस परियोजना को पूरा करने में किसी बड़ी बाधा का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हां, तो क्या विलंब के लिए कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्तमान में, कार्य प्रगति पर है तथा वास्तविक प्रगति 38.10% है।

(ख) परियोजना की संशोधित निर्धारित समापन तिथि 22.08.2025 है तथा अब तक 774.78 करोड़ रुपए का व्यय हो चुका है।

(ग) तथा (घ) परियोजना में विलंब निर्माण-पूर्व गतिविधियों जैसे कि भूमि अर्जन के मुआवज़ा वितरण में देरी और बोरो क्षेत्रों से मिट्टी निकालने की अनुमति में देरी के कारण हुआ। विलंब के इन कारणों में ठेकेदार दोषी नहीं हैं और इसलिए ठेकेदार के खिलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

******